versions thereof in the first phase. The production of cars by the company would help reducing the waiting lists.

As regards the lower levels of taxation, a proposal for reduction of duties levied and collected by the Central Government is presently being examined by the Government.

Survey to Locate Atomic Minerals

*186. SHRI SUBHASH YADAV Will the PRIME MINISTER be pleased to lay a statement showing:

(a) whether it is a fact that a survey has been conducted by Government during the last five years to locate mines containing atomic minerals;

(b) if so, the names and the number of such mines located so far; and

(c) how many of them have started functioning and are in production?

THE PRIME MINISTER (SHRIMATI INDIRA GANDHI): (a) to (c) Since 1950 the Atomic Minerals Division of the Dept. has been engaged in countrywise surveys to locate Atomic Minerals Deposists. None of the areas located during the last five years have so far reached the mining stage and further detailed sub-surface investigations are being done.

दिल्ली कैंट में सैनिकों द्वारा विरोध प्रदर्शन

*189. श्री सज्जन कुमार :
श्री उत्तम भाई एच० पटेल :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल में दिल्ली कैंट में एक "जवान" की पत्नी के साथ गुंडों द्वारा दुर्व्यवहार किये जाने के विरुद्ध सैनिकों ने बड़े पैमाने पर विरोध में दगा किया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि अभी तक तथाकथित गुंडों को गिरफ्तार नहीं किया गया है और यदि हां, तो उन्हें गिरफ्तार करने लिये क्या प्रयास किये जा रहे हैं ; और

(ग) ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न होने देने के लिये सरकार क्या कदम उठा रहीं है ?

गृह मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री पी० वेंकटसुब्बया) : (क) से (ग). एक विवरण संलग्न है ।

विवरण

24 जून, 1982 की शाम को एक लांसनायक की पत्नी के साथ जब वह सदर बाजार मार्किट में खरीदारी कर रही थी, दुर्व्यवहार की एक घटना हुई । अगले दिन एक घटना जिसमें रक्षा कर्मचारी तथा अन्य व्यक्ति अन्तर्ग्रस्त थे हुई । साइकिलों समेत कुछ दुकानों और दो पहिये वाले कुछेक स्कूटरों को क्षति पहुंचाई गई । तीन रक्षा कार्मिकों और छः पुलिस कार्मिकों को मामूली चोट आई । पुलिस ने एक मामला दर्ज किया । दिल्ली के उपराज्यपाल, केन्द्रीय गृह सचिव और पुलिस आयुक्त लगभग मध्य रात्रि को घटनास्थल पर गये । गृह मंत्री द्वारा अगले दिन बुलाई गई उच्च स्तरीय एक बैठक में घटना की समीक्षा भी की गई जिसके बाद निम्नलिखित कदम उठाये गये :—

(1) सेना प्राधिकारियों द्वारा कोर्ट आफ इंनक्वायरी का आदेश दिया गया ।

(2) इस क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई ।

(3) यह क्षेत्र रक्षा कार्मिकों के लिये निषिद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया गया ।

स्थिति तुरन्त सामान्य हो गई। तथाकथित दुर्व्यवहार में अन्तर्ग्रस्त चार व्यक्तियों में से तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और चौथे अभियुक्त को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी है। सेना प्राधिकारियों द्वारा जिस जांच के आदेश दिये गये थे, वह की जा रही है।

Reviewing of Economics of 12" T.V. Project by Ettdc.

*196. SHRI SATYENDRA NARAIN SINHA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether the Electronics Trade and Technology Development Corporation is reviewing the economic of its 12 inch TV project for export.

(b) whether the set has failed to obtain export orders; and

(c) if so, whether Government are thinking of closing the factory or shifting to some other line of production?

THE PRIME MINISTER (SHRIMATI INDIRA GANDHI): (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

डा० भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति विखण्डित करना

*197. श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को गत दो वर्षों के दौरान देश के विभिन्न भागों से डा० भीमराव अम्बेडकर की मूर्तियों को विखंडित करने, उनका अपमान करने और उन्हें बिगाड़ने के समाचार प्राप्त हुये हैं ;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार ने इस बारे में कार्यवाही करने के लिये राज्य सरकारों को कुछ निर्देश दिये हैं ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री पी० वेंकटसुब्बय्या) : (क) से (ग). महाराष्ट्र, उतर प्रदेश और राजस्थान में डा० अम्बेडकर की मूर्तियों को बिगाड़ने की कुछेक घटनायें ध्यान में आई हैं। इसके अतिरिक्त डा० अम्बेडकर के फ़ोटोफ्रेम को तोड़ने का एक मामला भी महाराष्ट्र में हुआ है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 295 के अधीन मामले दर्ज किये हैं।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक

*198. श्री राम प्यारे पनिका : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो कितनी और यदि नहीं, तो क्या सरकार इसमें वृद्धि करने के लिये कोई उपाय कर रही है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

उद्योग तथा इस्पात और खान मंत्री (श्री नारायण दत्त तिवारी) : (क) से (ग). केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन के औद्योगिक उत्पादन संबंधी अनन्तिम सूचकांक के आधार पर 1980–81 की अपेक्षा 1981–82 की वृद्धि दर 8.3 प्रतिशत निकलती है।

केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन से मिली औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक संबंधी अंतिम जानकारी अप्रैल, 1982 की है, तथा यह (अनन्तिम) सूचकांक अप्रैल, 1981 की अपेक्षा 7 प्रतिशत अधिक है।